दिनांक 14 जून 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

# अल सुबह बारिश पूर्व नाला सफाई का कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने निगम एवं बीएसपी के अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण, नाला सफाई कार्य युद्ध स्तर पर करने के दिए निर्देश, पहली बारिश के बाद शहर की स्थिति का जायजा लेने निकले थे कलेक्टर

भिलाई नगर/ आज अल सुबह 6:00 बजे कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने निगम एवं बीएसपी के अधिकारियों के साथ शहर के नाला सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने सेक्टर 6 के पास के मुख्य नाला, गौतम नगर एवं बापू नगर के मध्य तेल्हा नाला, करुणा अस्पताल के सामने के नाला, तथा छोटी नालियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएसपी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नाला से जलकुंभी हटाने के लिए संसाधन बढ़ाकर शीघ्र अति शीघ्र नाला की सफाई कराएं। उन्होंने बीएसपी क्षेत्र में बैक लाइन की सफाई भी देखी , अभियान चलाकर बेक लाइन की सफाई करने के निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने बीएसपी एवं निगम के अधिकारियों के साथ सेक्टर 7 तथा सेक्टर 8 सहित अन्य क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली तथा रहवासियों से फीडबैक भी लिया। रहवासियों ने बताया कि अभी भी शुरुआती दौर में पानी अशुद्ध आ रहा है और स्टार्टिंग टाइम में गंदे पानी की समस्या बरकरार है, कलेक्टर ने बीएसपी के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए हर संभव प्रयास करें, पानी की समस्याओं को गंभीरता से लेकर समाधान का प्रयास करें तथा पानी टंकियों की सफाई भी करावे। इस दौरान घरों से पानी के सैंपल भी लैब में परीक्षण के लिए एकत्र किए गए। कलेक्टर श्री भुरे ने नेशनल हाईवे के समीप नाली निर्माण का निरीक्षण किया , उन्होंने एनएच के अधिकारियों को नाली निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा नाली को ढकने और सुरक्षित करने के साथ ही पानी निकासी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। पावर हाउस बस स्टैंड की ओर से पानी निकासी के लिए प्रगति मार्केट की ओर पाइप लाइन बिछाने के कार्य की जानकारी अधिकारियों से ली। पावर हाउस ओवर ब्रिज के संधारण एवं ब्यूटीफिकेशन कार्य का निरीक्षण भी कलेक्टर ने किया , उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य की प्रगति बढ़ाएं तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए शीघ्र अति शीघ्र कार्य पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे , जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा एवं एनआर रत्नेश , कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा एवं संजय बागड़े , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, बीएसपी के अधिकारी, एनएच के अधिकारी तथा पीडब्ल्यूडी के अधिकारी आदि मौजूद रहे।